nt>

14.03 hrs.

MATTERS UNDER RULE 377 *

MR. DEPUTY-SPEAKER: The matters under Rule 377 listed for the day be treated as laid on the Table of the House.

Title: Need to clear the proposals sent by the Government of Himachal Pradesh for development of sports in the state. − Laid.

श्री सुरेश चन्देल (हमीरपुर, हि.प्र.) : महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान हिमाचल प्रदेश के अपने संसदीय क्षेत्र हमीरपुर की ओर आकर्षित करना चाहता हूं, जैसा कि आपको विदित है हिमाचल प्रदेश पहाड़ी एवम् पिछड़ा क्षेत्र है, लेकिन खेल प्रतिभाओं की वहां कमी नहीं है। आवश्यकता सिर्फ उनको निखारने हेतु खेल सुविधाएं मुहैया कराने की है।

मैं आपके ध्यान में लाना चाहता हूं कि हिमाचल प्रदेश सरकार के आयुक्त एवम् सचिव (युवा सेवाएं एवम् खेल) विभाग ने युवा मामले एवम् खेल मंत्रालय, भारत सरकार को स्वीकृति एवम् सहायता प्रदान करने हेतु बिलासपुर-हि.प्र. में 400 मीटर एथलैटिक ट्रेक निर्माण, हमीरपुर में इनडोर स्टेडियम निर्माण, टौणी देवी जिला बिलासपुर में इनडोर स्टेडियम निर्माण, ऊना में तरण ताल (स्वीमिंग पूल) निर्माण, हमीरपुर में खेल अकादमी स्थापित करने की परियोजना की स्वीकृति एवम् हि.प्र. के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में खेल के मैदानों का विकास करने एवम् खेल सामग्री क्रय करने हेतु 67 प्रकरण प्रेषित किए हैं, लेकिन वे अभी तक लंबित हैं। मेरा आग्रह है कि शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए।

*Treated as laid on the Table.